ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.10.2020

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव श्री जितेन्द्र कुमार द्वारा नगर में मलिन बस्ती एवं शहर की साफ–सफाई का किया गया निरीक्षण एवं कोविड–19 मोबाइल टेस्टिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान एवं ईद–मिलाद–उन नबी (बाराफात) के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव श्री जितेन्द्र कुमार द्वारा आज दिनांक 28.10.2020 को अपरान्ह मो0 भारतद्वाजी की मलिन बस्ती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा एवं अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्री रश्मि भारती उपस्थित रही। नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव श्री जितेन्द्र कुमार जी ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के समय मलिन बस्ती के लोगो से सम्पर्क किया। लोगो से सम्पर्क वहॉ की साफ–सफाई एवं पेयजल,पथ प्रकाश की व्यवस्था की जानकारी ली। प्रमुख सचिव श्री जितेन्द्र कुमार द्वारा साफ–सफाई देखकर संतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया गया मलिन बस्ती सहित पूरे नगर की नालियो,गलियो आदि की नियमित रूप से साफ–सफाई सुनिश्चित की जाये तथा नियत अन्तराल पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाये,जिससे वैक्टर जनित रोगो के संक्रमण से बचा जा सके। इसके पूर्व प्रमुख सचिव महोदय द्वारा कोविड–19 के सैम्पिल हेतु नगर निगम के कोविड–19 मोबाइल टेस्टिंग वैन को रवाना किया गया। इस वैन के माध्यम से डोर–टू–डोर कोरोना संक्रमित व्यक्तियो की जॉच कर सैम्पल एकत्रित किये जायेगें। इस वैन का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी,शाहजहॉपुर की देख–रेख में किया जायेगा। इस वैन के संचालित होने से शहरी क्षेत्र के निवासियो को कोरोना से सम्बन्धित लक्षण दिखने पर उनके घर पर ही सैम्पल एकत्रित किया जा सकेगा। कोरोना गाइड लाइन के अनुसार एकत्रित सैम्पल को सुरक्षित तरीके से जॉच हेतु लैब तक पहॅुचाया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती प्रेरणा शर्मा, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान एवं ईद–मिलाद–उन नबी (बाराफात) के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

- सफाई जोन–1 में बाड़ूजई पेशावरी
- सफाई जोन–3 मो0 भारद्वाजी
- सफाई जोन–4–मो0 मेहमानशाह,
- सफाई जोन–5 मो0 अहमदपुर रेती में

उपरोक्त स्थानो पर श्री पवन कुमार, श्री राजमंगल,श्री चन्द्रवीर सागर, एवं सुनील शाक्या, सफाई निरीक्षको तथा सफाई नायको के नेतृत्व में वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया।

- ईद मिलाद–उन–नबी (बाराफात) के दृष्टिगत नगर के विभिन्न नगर के मस्जिदो पर प्रकाश व्यवस्था ठीक कराते हुये सफाई व चूने के छिड़काव के साथ–साथ कराया गया सेनेटाईशन। नगर के धार्मिक स्थलो के आस–पास नियमित रूप से सफाई कराये जाने का निर्देश दिया गया।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 28.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक करने के साथ–साथ साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थाना, पार्को, खाली प्लाटो एवं सड़को के किनारे पड़े पर कूड़े को प्राथमिकता के आधार पर साफ कराया जा रहा है।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।.

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग को रोकने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर